तापमान

अधिकतम 44.0 डिग्री

न्यूनतम 26.0 डिग्री

# हरिभूमि कोरबा भूमि

बिलासपुर, सोमवार 4 मई 2026

दीपका | कटघोरा | छुरी | पाली | करतला | पोड़ीउपरोड़ा



4

बोर्ड परीक्षा परिणाम में कमजोर रिजल्ट वाले स्कूलों को जारी की जाएगी नोटिस





## खबर संक्षेप

### बढ़ती महंगाई को लेकर कांग्रेस का प्रदर्शन आज

**कोरबा।** छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर जिला कांग्रेस कमेटी के तत्वाधान में 4 मई को शाम 5 बजे, ओपन थियेटर घंटाघर चौक के पास डॉ. भीमराव अंबेडकर प्रतिमा के समक्ष विरोध प्रदर्शन का कार्यक्रम आयोजित है। उक्त जानकारी देते हुए जिला कांग्रेस अध्यक्षद्वय मुकेश राठौर एवं मनोज चौहान ने बताया कि बढ़ती महंगाई एवं गैस सिलेण्डर के दामों में भारी बढ़ोत्तरी के विरोध में यह प्रदर्शन किया जा रहा है। अध्यक्षद्वय ने जिला कांग्रेस, महिला कांग्रेस, युवा कांग्रेस, सेवादल, कांग्रेस ओबीसी प्रकोष्ठ, अजा एवं अजजा विभाग, पार्षद, पूर्व पार्षद, ब्लॉक कमेटी, मण्डल कमेटी, वार्ड एवं बूथ कमेटी सहित कांग्रेस के समस्त विभाग, मोर्चा संगठन एवं प्रकोष्ठ के पदाधिकारी एवं सदस्यों को समय पर उपस्थित होने आग्रह किया है।

### लंबित मामलों के लिए विशेष लोक अदालत 21 से

**कोरबा।** सर्वोच्च न्यायालय द्वारा न्याय को सरल एवं सुलभ तरीके से आमजन तक पहुंचाने तथा आपसी सहभागिता एवं एवं सहमति से विवादों के समाधान को बढ़ावा देने के उद्देश्य से विशेष लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है। 21 अप्रैल से आरम्भ होकर 21, 22 एवं 23 अगस्त को विशेष लोक अदालत के आयोजन के साथ सम्पन्न होगा। विशेष लोक अदालत का आयोजन सर्वोच्च न्यायालय परिसर में 21, 22 एवं 23 अगस्त को किया जाएगा, जिसमें सर्वोच्च न्यायालय में लंबित मामलों को शामिल किया जाएगा। इस दौरान सुलह बैठकों को आयोजन राज्य, जिला तालुका एवं उच्च न्यायालय विधिक सेवा प्राधिकरण/ समिति के मध्ययस्थता केन्द्रों में किया जाएगा। सुलह वार्ता की प्रक्रिया 21 अप्रैल से ही प्रारंभ हो चुकी है। इस समाधान समारोह का मुख्य उद्देश्य सर्वोच्च न्यायालय में लंबित उपयुक्त मामलों का आपसी सहमति एवं सुलह के माध्यम से त्वरित निष्पादन करना है।

### प्रतिभाओं को निखारने का एक सुंदर मंच : बिंदु

**कोरबा।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के विश्व सद्भावना भवन में 1 से 10 मई तक नवसृजन किड्स समर कैंप का शुभारंभ किया गया। इस शिविर का उद्देश्य बच्चों में श्रेष्ठ संस्कार, आत्मविश्वास और सकारात्मक सोच का विकास करना है। कार्यक्रम में अतिथि के रूप में डॉ. कुमुदिनी मेडिकल ऑफिसर आयुर्वेद, डॉ. रौशनी सिंह, गवर्नमेंट हायर सेकेंडरी स्कूल की प्राचार्य, बीके रुक्मणि बीके बिंदु दीदी उपस्थित रहे। इस दौरान बीके रुक्मणी ने कहा कि हर बच्चा खास है, बस उसे सही दिशा की आवश्यकता होती है। उन्होंने बच्चों को ध्यान (मेडिटेशन) के महत्व को समझाते हुए कहा कि इससे मन शांत होता है और एकाग्रता बढ़ती है। उन्होंने बच्चों को अच्छे संस्कार अपनाने और अपने जीवन को श्रेष्ठ बनाने के लिए प्रेरित किया। शिविर बच्चों के अंदर छिपी प्रतिभाओं को निखारने का एक सुंदर मंच है।

# मनरेगा श्रमिकों के श्रम कार्ड पंजीयन में आ रही दस्तावेजों की अड़चन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले के मनरेगा श्रमिकों (जी रामजी) का पंजीयन श्रम विभाग में श्रम कार्ड बनाने के लिए दस्तावेज की प्रक्रिया पूरी नहीं होने के कारण ऐसे लोग पंजीयन से वंचित हो रहे हैं। जो जिला एवं जनपद पंचायतों में अपनी समस्या के निराकरण के लिए चक्कर काटते फिर रहे हैं।

श्रम विभाग के माध्यम से श्रमिकों को अनेक सुविधाओं लाभ लेने के लिए मनरेगा के मजदूरों को भी श्रम कार्ड पंजीयन के लिए जिला पंचायत को निर्देश जारी हुए हैं। सभी जनपद सीईओ के माध्यम से ऐसे विभिन्न निर्देशों का पालन कराने के लिए सरपंचों को जानकारी दी गई है। उक्त जानकारी के बाद जब मनरेगा श्रमिक पंजीयन के लिए श्रम विभाग पहुंचते हैं तो पंजीयन हेतु जारी मापदंडों की जानकारी के तहत श्रमिकों का पंजीयन यदि आवश्यक दस्तावेज उपलब्ध नहीं होने के कारण मनरेगा श्रमिकों को बैरंग लौटना पड़ रहा है। श्रम विभाग के मापदंड के अनुसार श्रम कार्ड किसी न किसी ठेका कंपनी या ऐसी कोई फर्म जो जीएसटी जमा करने के साथ श्रम विभाग में पंजीकृत है उक्त कंपनियों का प्रमाण पत्र मांगा जा रहा है। जो मनरेगा ⏭ शेष पेज 3 पर

## श्रम विभाग के मापदंडों के तहत दस्तावेज नहीं हो रहे उपलब्ध

**खास बातें**

- श्रमिकों के पंजीयन को लेकर शासन ने दिए हैं निर्देश
- सुविधाएं लेने ग्रामीण पहुंच रहे श्रम विभाग



### शहर से लगे ग्रामों में कम हो रहे श्रमिक

शहर से 15 किलोमीटर दूर बसे ग्रामों में मनरेगा की योजना के तहत चलने वाले कार्यों में मजदूरों की संख्या कम होती जा रही है। संसाधन उपलब्ध होने की वजह से इतनी दूरी के ग्रामों के निवासी मनरेगा में काम करने के बजाय औद्योगिक उपक्रमों या शहर के अन्य ठेका कंपनियों में काम करने पहुंच रहे हैं। लगातार काम मिलने की वजह से इन ग्रामों के ग्रामीण मनरेगा से दूरी बनाए हुए हैं।

### एक लाख से अधिक सदस्य जुड़ रहे मनरेगा से

मनरेगा के तहत ग्रामीण अंचलों में चल रहे कामों में 40 हजार परिवारों के एक लाख से अधिक सदस्य किसी न किसी रूप में मनरेगा के कार्यों से जुड़े हुए हैं। पूर्व में लगातार काम मिलने की वजह से दूरस्थ वनांचल क्षेत्र के ग्रामीण मनरेगा में ही नियोजित होते थे। ऐसे ग्रामीण परिवार के हर सदस्य को मनरेगा से काम मिल रहा था। वर्तमान में लागू जी राम जी योजना अंतर्गत जिन ग्राम पंचायतों में काम की जरूरत होगी ऐसे ही पंचायतों में काम स्वीकृत किए जाएंगे।

## जिले के दोनों वनमंडलों में तेंदूपत्ता संग्रहण करने का काम हुआ शुरु

# मौसम के बदलते तेवर के बीच कटघोरा में शुरु हुआ तेंदूपत्ता संग्रहण, कोरबा में साफ मौसम का इंतजार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

पिछले कई दिनों से लगातार मौसम का मिजाज बदल रहा है और बदलते मौसम की तेवर और लगातार बारिश आंधी की वजह से तेंदू पत्ता संग्रहण पूरी तरह से प्रभावित हो रहा है। किसी तरह कटघोरा वन मंडल में तेंदू पत्ता संग्रहण कार्य शुरू कर दिया गया है लेकिन कोरबा वन मंडल में तेंदू पत्ता संग्रहण कार्य शुरु नहीं हो सका है।

**खास बात**

- लगातार आंधी बारिश से तेंदूपत्ता संग्रहण कार्य हो रहा प्रभावित



उल्लेखनीय है कि मई के शुरुआती दिनों में तेंदू पत्ता संग्रहण कार्य शुरु हो जाता है लेकिन पिछले तीन चार दिनों से मौसम का तेवर बदल रहा है ओर तेज आंधी व बारिश हो रही है जिसके चलते तेंदू पत्ता संग्रहण पूरी तरह से प्रभावित हो रहा है। कटघोरा वन मंडल के कुछ समितियां में इस मौसम के बीच ही तेंदूपत्ता संग्रहण कर शुरू तो कर दिया गया है लेकिन सभी समितियां में काम अब तक पूरा शुरू नहीं हो पाया है यदि ऐसा ही मौसम का मिजाज बन रहा तो निश्चित तौर पर आने वाले दिनों में खासी परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है क्योंकि आंधी बारिश से जो पत्ते टूटकर रखे हें वे भी खराब हो सकते हैं। बताया जाता है कि कटघोरा वनमंडलाधिकारी कुमार निशांत के निर्देश पर प्रबंध संचालक द्वारा प्राथमिक लघु वनोपज सहकारी समिति मर्यादित रावा के अन्तर्गत छेवधरा फड़ में तेन्दूपत्ता खरीदी कार्य का शुभारंभ किया गया है। पत्ता बेचने पहुंचे पुरुष एवं महिला संग्राहकों को फूल माला एवं गुलदस्ता भेंट कर अभिनंदन किया गया। प्रबंध संचालक द्वारा तेन्दू पत्ता का निरीक्षण किया गया तथा उपस्थित अधिकारी, कर्मचारियों तथा प्रबंधक, फड़ मुंशी को आवश्यक जानकारी दी गई। इस दौरान समय पर परिदान कार्य हेतु समझाईश दी गई। इस अवसर पर उप प्रबंध संचालक, परिक्षेत्र अधिकारी जटगा, श्री साय, विजेन्द्र शर्मा, प्रबंधक जटगा, अमलीकुण्डा, रावा, फड़ मुंशी परिक्षेत्र जटगा ⏭ शेष पेज 3 पर

# कोयले से भरे टीपर में लगी आग चालक ने कूदकर बचाई जान



धूं धूंकर जलता टीपर।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कुसमुंडा खदान क्षेत्र में उस वक्त अफरा-तफरी मच गई जब कोयले से भरी एक टीपर में अचानक आग लग गई। घटना गोदावरी फेस क्षेत्र की बताई जा रही है, जहां परिवहन कार्य के दौरान यह हादसा हुआ। मिली जानकारी के अनुसार, टीपर में कोयला लोड कर परिवहन किया जा रहा था, तभी अचानक वाहन में शॉर्ट सर्किट हो गया और देखते ही देखते आग भड़क उठी। आग तेजी से फैलने लगी, जिससे चालक की जान पर बन आई। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए चालक ने सूझबूझ दिखाते हुए तुरंत वाहन से कूदकर अपनी जान बचाई। बताया जा रहा है कि संबंधित टीपर सोनू-मोनू कंपनी का है, जो खदान क्षेत्र में कोयला परिवहन का कार्य करती है। घटना के बाद मौके पर मौजूद अन्य कर्मचारियों और सुरक्षा दल ने आग पर काबू पाने का प्रयास किया। आग लगने से परिवहन कार्य कुछ समय के लिए बाधित हो गया। हालांकि, राहत की बात यह रही कि इस हादसे में किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई। फिलहाल आग लगने के कारणों की जांच की जा रही है और सुरक्षा व्यवस्था को लेकर भी सवाल उठने लगे हैं।

# चाइल्ड केयर क्लीनिक में लगी आग बाल- बाल बची मासूमों की जान

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

शहर के एक निजी चाइल्ड केयर अस्पताल में उस वक्त हड़कंप मच गया जब ऑक्सीजन सिलेंडर की सप्लाई के लिए लगाए गए पैनल बोर्ड में खराबी होने की वजह से ब्लास्ट हो गया और आग लग गई। अस्पताल में अफरा तफरी का माहौल निर्मित हो गई। गनीमत यह रही कि आग बुझाने के लिए हॉस्पीटल में फायर सिस्टम लगाया गया था। जिसका उपयोग कर तत्काल आग पर काबू पाया गया। अस्पताल के चाइल्ड केयर यूनिट में 15 बच्चे भर्ती थे। घटना का सुखद पहलू यह रहा कि किसी तरह की जनहानि नहीं हुई अन्यथा किसी बड़ी घटना से इंकार नहीं किया जा सकता था।

**खास बातें**

- अस्पताल के आक्सीजन सिलेंडर सप्लाई में लगे पैनल बोर्ड में हुआ विस्फोट
- स्टाफ ने अस्पताल के फायर सिस्टम उपकरण का उपयोग कर आग पर पाया काबू



आग से क्लीनिक में फैला धुआं।

### सुरक्षा मानकों पर उठे सवाल

ऑक्सीजन सिलेंडर की सप्लाई के लिए लगे पैनल बोर्ड में ब्लास्ट होने की बात सामने आ रही है। विस्फोट के वास्तविक कारणों का खुलासा जांच के बाद ही हो सकेगा। हालांकि इसे तकनीकी खराबी या लापरवाही से जोड़कर देखा जा रहा है। इस घटना ने संवेदनशील संस्थानों, विशेषकर बच्चों के अस्पतालों में सुरक्षा मानकों की पोल खोल दी है। स्थानीय निवासियों ने प्रशासन से मांग की है कि अस्पतालों के सुरक्षा उपकरणों की नियमित जांच हो। फायर एनओसी और सुरक्षा मानकों का सख्ती से पालन कराया जाए। दोषी पाए जाने पर प्रबंधन के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए। फिलहाल स्थानीय प्रशासन मामले की जांच कर सकता है ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो।

उल्लेखनीय है कि शहर के निहारिका स्थित मुख्य मार्ग पर शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ हरिश नायक द्वारा अस्पताल का संचालन किया जाता है। अस्पताल में नवजात शिशुओं के उपचार के लिए चाइल्ड केयर यूनिट की स्थापना की गई है। जहां बच्चों को बेहतर चिकित्सकीय सुविधा उपलब्ध कराई जाती है। रविवार की शाम अस्पताल में उस वक्त अफरा तफरी का माहौल निर्मित हो गया जब ऑक्सीजन सिलेंडर की सप्लाई के लिए लगाए गए पैनल बोर्ड में तकनीकी खराबी आने की वजह से ब्लास्ट हो गया। पैनल बोर्ड में लगी आग धीरे धीरे ⏭ शेष पेज 3 पर






# फरसवानी में छापा, ग्रामीणों से 165 लीटर महुआ शराब जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिला पुलिस द्वारा अवैध शराब बनाने व बेचने वालों को खिलाफ विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में उरगा पुलिस की टीम ने एक गांव में छापेमारी की कार्यवाही कर तीन ग्रामीणों को अवैध रुप से महुआ शराब बनाते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपियों के कब्जे से 165 लीटर महुआ शराब व चार मोटरसाइकिल जप्त किया गया है। पकड़े गए आरोपियों के खिलाफ 34(2) आबकारी एक्ट के तहत न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा गया है।

पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी के निर्देश पर जिला पुलिस द्वारा अवैध शराब बनाने व बेचने वालों के खिलाफ लगातार कार्यवाही की जा रही है। इस घड़ी में उरगा थाना प्रभारी नवीन पटेल व उनकी टीम को मुखबीर से सूचना मिली थी कि ग्राम फरसवानी में कुछ ग्रामीणों द्वारा अवैध रूप से शराब बनाने का कारोबार किया जा रहा है। सूचना पर पुलिस की टीम ने ग्राम फरसवानी में छापेमारी की। जहां गांव में रहने वाले छातलाल धनुहार, सुख सिंह व पंचराम धनवार के कब्जे से कुल 165 लीटर महुआ शराब जब्त किया गया है। साथ ही शराब बनाने वाले बर्तन सहित महुआ लोहान और चार मोटरसाइकिल सहित सामान जप्त किया गया है। पकड़े गए आरोपियों के खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत कार्यवाही कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया है।



शराब की जब्त जेरीकेन के साथ आरोपी।

### दो दिन में 26 प्रकरणों में 28 आरोपियों पर गिरी गाज

जिला पुलिस द्वारा अवैध शराब बनाने व बेचने वालों के खिलाफ कार्यवाही की जा रही है। इसी कड़ी में 2 व 3 मई कुल 26 प्रकरण दर्ज किए गए। जिसमें कुल 28 आरोपियों के विरुद्ध दंडात्मक कार्रवाई की गई और आरोपियों के कब्जे से कुल 428.94 लीटर अवैध शराब जप्त की गई। साथ ही महुआ से निर्मित अवैध शराब की कई भट्टियों को मौके पर ही नष्ट किया गया है। शराब निर्माण में प्रयुक्त बर्तन, ड्रम एवं अन्य सामग्री जप्त की गई। अवैध परिवहन में प्रयुक्त टू-व्हीलर वाहनों को भी जब्त किया गया।

## खबर संक्षेप

### फिनाइल पीने से पीड़ित युवक की मौत

बिलासपुर। फिनाइल पीने से पीड़ित युवक की इलाज के दौरान मौत हो गई है। पुलिस जांच में जुट गई है। सिविल लाइन पुलिस के अनुसार, कस्तूरबा नगर निवासी सन्नी सारथी पिता बालकृष्ण सारथी 32 साल तीन दिन पूर्व में बीमारी से त्रस्त होकर फिनाइल पी लिया था। परिजन के द्वारा उन्हें इलाज के लिए सिम्स में भर्ती कराया गया था। 3 मई को इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई है। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम कर लिया है।

### शिक्षक के साथ मारपीट करने वाला गिरफ्तार

बिलासपुर। जनगणना में गए एक शिक्षक के साथ मारपीट कर शासकीय कार्य में बाधा डालने वाले फरार युवक को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। ज्ञात हो कि 1 मई को बलौदाबाजार कसडोल निवासी शिक्षक नेतराम पैकरा जनगणना करने ग्राम घोघरा मकान नम्बर 141 रामकरेश चतुर्वेदी के घर गए थे। घर के लोगों से परिवार के सदस्यों के संबंध में जानकारी ले रहे थे। इसी दौरान गांव के निर्मल कुमार कांत पिता शंकरलाल 31 साल आया और विवाद करने लगा। उन्होंने ने अपना आईडी दिखाते हुए जनगणना करने आने की बात कहीं उसके बाद भी निर्मल ने उन्हें एक झापड़ मार दिया। शिक्षक श्री पैकरा गांव के ग्राम पंचायत में जाकर सरपंच से शिकायत कर रहे थे। पुलिस ने उनकी रिपोर्ट पर निर्मल के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है। 3 मई को पुलिस ने फरार आरोपी निर्मल कुमार कांत को गिरफ्तार कर पृथक से प्रतिबंधात्मक धाराओं के तहत कार्रवाई कर कोर्ट में पेश किया गया है।

### बाइक में अवैध शराब ले जाते कोचिया गिरफ्तार

बिलासपुर। बाइक में अवैध शराब लेकर जा रहे बाइक सवार



कोचिए को पुलिस ने पकड़ लिया है। उसके पास से 52 पाव देशी शराब जब्त की गई है। पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया है। चकराभाठा टीआई भावेश शेंडे को मुखबिर से सूचना मिली कि सिरगिट्टी ट्रांसपोर्ट नगर की ओर से एक व्यक्ति बाइक में अवैध रूप से शराब लेकर बिक्री करने के लिए लेकर जा रहा है। उन्होंने स्टाफ के साथ घेराबंदी करते हुए बाइक सीजी 10 एएफ, 2553 में सवार अचानकपुर निवासी कैलास साहू पिता देवचरण साहू 25 साल को पकड़ लिया। तलाशी लेने पर 52 पाव देशी शराब मिली। पुलिस ने शराब व बाइक जब्त कर उसे गिरफ्तार कर लिया है।

### पत्नी गई मायके तो नाराज पति ने पी लिया कीटनाशक, मौत

अंबिकापुर। एक युवक ने कीटनाशक पीकर आत्महत्या कर ली। युवक को गम्भीर हालत में उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया था। युवक पत्नी के मायके जाने से दुखी था। फिलहाल मामले में पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर शव को पीएम उपरान्त परिजन के सुपुर्द कर दिया गया है। अस्पताल पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार दरिमा थाना अंतर्गत ग्राम कोटेया निवासी 26 वर्षीय मोंटेश्वर कुमार पैकर आ. शंकर राम अपनी मां व परिवार के अन्य सदस्यों के साथ रहता था। युवक की मां सुमित्रा के अनुसार मोंटेश्वर की पत्नी एक माह से अपने मायके बेलगांव में रह रही थी। इस बीच 1 की दोपहर जब महिला घर में बर्तन धो रही थी तो उसके पुत्र मोंटेश्वर ने एक गिलास लाकर मां को धोने के लिए दिया लेकिन कुछ समय बाद उसने उल्टी करना शुरू कर दिया। युवक के मुंह से कीटनाशक का गंध आ रहा था। जब मां ने पूछताछ की तो युवक ने कीटनाशक पीने की बात कही। युवक को उपचार के लिए आनन फानन में मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया था जहां 2 मई को देर रात मौत हो गई। मामले में पुलिस द्वारा मर्ग कायम किया गया है। संभावना जताई जा रही है कि पत्नी के मायके जाने से दुखी होकर युवक ने यह कदम उठाया है।

शहर के आधे हिस्से को मिलेगी जलभराव से मुक्ति

# 5.55 करोड़ से बनेगा आधुनिक आरसीसी बॉक्स नाला

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

शहर के प्रमुख क्षेत्र में जल भराव की समस्या से निजात मिलने वाली है। नगरीय प्रशासन विभाग द्वारा शहर को अधोसंरचना मद अंतर्गत 5 करोड़ 55 लाख 87 हजार की राशि स्वीकृत की गई है। इस राशि से कुंदन पैलेस से सहारे गली होते हुए बस स्टैंड तक 3×3 मीटर के आधुनिक आरसीसी बॉक्स नाले का निर्माण किया जाएगा। नाला निर्माण के बाद शहर के श्रीकांत वर्मा मार्ग, तालापारा मगरपारा और हंसा विहार जहां हर साल जल भराव होता हैं,उससे राहत मिलेगी।

- कुंदन पैलेस से सहारे गली होते हुए बस स्टैंड तक होगा निर्माण

पुराना बस स्टैंड और श्रीकांत वर्मा मार्ग में पानी निकासी की खराब व्यवस्था, नाले के गलत निर्माण और अतिक्रमण के कारण, बस स्टैंड का परिसर जलमग्न हो जाता है, जिससे यात्रियों और बसों के लिए मुसीबत खड़ी हो जाती है। यहां कभी भी नाले का निर्माण ठीक से नहीं होने के कारण पानी का बहाव सही दिशा में नहीं होता। साथ ही बस स्टैंड के परिसर का धरातल नीचा होने के कारण पानी जमा हो जाता है। इसी तरह श्रीकांत वर्मा मार्ग और हंसा विहार कालोनी सड़क से नीचे होने के कारण यहां लबालब पानी भरा रहता है।




### यह होता है आरसीसी बाक्स नाला

आरसीसी बॉक्स नाला को आरसीसी बॉक्स कल्वर्ट भी कहा जाता है। एक आयताकार या वर्गाकार संरचना होती है जो सीमेंट कंक्रीट से बनाई जाती है। यह चारो तरफ से कंक्रीट (ऊपर, नीचे और दोनों तरफ) से घिरा होता है, इसलिए इसे बॉक्स कहा जाता है। इसमें कंक्रीट की मजबूती बढ़ाने के लिए स्टील की छड़ों का उपयोग किया जाता है। यह पानी के बहाव को सुगम बनाता है, बाढ़ को रोकता है और सड़क के ऊपर से गुजरने वाले ट्रैफिक का भार सहता है।

### इसलिए भरता है इन क्षेत्रों में पानी

पुराने बस स्टैंड चौक के पास तारबाहर, विनोबा नगर, विद्यानगर, सीएमडी कालेज, मंझवापारा राजीव गांधी चौक, प्रियदर्शिनी नगर, अज्ञेय नगर, तालापारा, मरीमाई और श्रीकांत वर्मा मार्ग और उससे जुड़े 10 वार्डों का पानी पांच नालों के जरिए पहुंचता है। पूरा पानी दो नालों के जरिए जवाली नाले में मिलता है। बारिश में भारी मात्रा में पानी पहुंचता है, जिसकी निकासी संकरे नाले से नहीं हो पाती, इसलिए पूरे क्षेत्र में पानी भर जाता है।

### हर चरण में जियोटैग्ड फोटोग्राफी अनिवार्य

अब नए बनने वाले आरसीसी नाले के बारे में अधिकारियों ने बताया कि परियोजना का क्रियान्वयन पूर्ण पारदर्शिता और गुणवत्ता के साथ किया जाएगा। शासन द्वारा स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं कि निर्माण कार्य निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण किया जाए तथा छत्तीसगढ़ वर्क्स डिपार्टमेंट मैनुअल एवं विभागीय प्रावधानों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित किया जाए। परियोजना के प्रत्येक चरण में पारदर्शिता बनाए रखने हेतु जियोटैग्ड फोटोग्राफी को अनिवार्य किया गया है।

### नागरिकों की समस्या दूर होगी

शहरी क्षेत्रों में जल निकासी, पेयजल और अन्य मूलभूत सुविधाओं को सुदृढ़ करना हमारी प्राथमिकता है। बिलासपुर में आरसीसी बॉक्स नाला निर्माण जैसी परियोजनाएं नागरिकों की समस्याओं के स्थायी समाधान की दिशा में महत्वपूर्ण कदम हैं। हमने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया है कि कार्य गुणवत्ता और समय-सीमा के अनुरूप पूर्ण किए जाएं, ताकि आम नागरिकों को इसका वास्तविक लाभ मिल सके।

**- अरुण साव,** उपमुख्यमंत्री

# तीन दिशाओं से कुदूदण्ड में पुलिस ने मारा छापा

बिलासपुर। पुलिस ने तीन दिशाओं में कुदूदण्ड क्षेत्र में छापा मारकर नशाखोरी करने वालों की जांच की। इस दौरान हंगामा मचाने वाले एक बदमाश को पकड़कर उसकी जमकर खातिरदारी की गई है। वहीं कुछ संदिग्धों को पकड़कर कार्रवाई की जा रही है।

- युवक की जमकर की खातिरदारी



सिविल लाइन सीएसपी निमितेश सिंह परिहार को शिकायत मिली कि कुदूदण्ड व मंगला क्षेत्र में शाम होते ही नशाखोरी कर नशेड़ियों के द्वारा हंगामा मचाते हुए विवाद किया जाता है, जिससे महिलाओं व युवतियों को आने जाने पर परेशानियों का सामना करना पड़ता है। 3 मई की रात श्री परिहार ने एसीसीयू, सिविल लाइन, सिरगिट्टी पुलिस की तीन टीम बनाकर मंगला बस्ती, मुंगेली नाका सर्किट हाउस गली व नगर सेना मार्ग से छापा मारकर अड्डाबाजी करने वाले स्थानों में दबिश दी। एकाएक तीन दिशाओं से पुलिस बल को देखकर असामाजिक तत्वों व नशेड़ियों में हड़कंप मच गया। कार्रवाई के दौरान हंगामा मचाने वाले विक्की पात्रे को पकड़कर उसकी जमकर खातिरदार कर थाने भेजा गया। पुलिस ने गलियों में घुसकर नशेड़ियों को दौड़ाया। मंगला आजाद चौक में बाइक में नियमानुसार नम्बर नहीं लिखने पर दो लोगों को पकड़ा गया। इसी तरह पुलिस को देखकर भाग रहे एक बदमाश को पकड़ा गया। वहीं गुण्डा बदमाश मंगला निवासी पुकू के घर की तलाशी ली गई।

बहरहाल उसके घर से कोई भी संदिग्ध सामान हाथ नहीं लगा। पुलिस की कार्रवाई से क्षेत्र के नशेड़ियों व गुण्डा बदमाशों में हड़कंप मचा हुआ था। ज्ञात हो कि पूर्व में इस इलाके में पुलिस ने छापा मारकर नशेड़ियों व बदमाशों के खिलाफ सख्ती से कार्रवाई की गई थी। सीएसपी श्री परिहार ने कहा क्षेत्र में छापामार कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी।

### ट्रांसफार्मर खराब होने से बनी ब्लैक आउट की स्थिति, 24 घंटे बाद बिजली आपूर्ति बहाल

बिश्रामपुर। एसईसीएल बिश्रामपुर क्षेत्र में शनिवार की दोपहर एक छोटी-सी तकनीकी खराबी ने बड़ा संकट खड़ा कर दिया। एकता स्टेडियम के समीप स्थित विद्युत सब स्टेशन में लगे 4 एमबीए ट्रांसफॉर्मर के अचानक ठप्प पड़ते ही आधा दर्जन कॉलोनियां अंधेरे में डूब गईं।

तेज गर्मी के बीच बिजली गुल होते ही लोगों की दिनचर्या अस्त-व्यस्त हो गई और पूरी रात बेचैनी में बीती। बताया जा रहा है कि दोपहर बाद अचानक ट्रांसफॉर्मर में तकनीकी खराबी आई, जिसके बाद टूए कॉलोनी, डीएमक्यू कॉलोनी, रेस्क्यू कॉलोनी अंबेडकर चौक, टूबी, टूसी और बी-टाइप कॉलोनी की बिजली आपूर्ति एक झटके में बंद हो गई। शुरुआत में लोगों को उम्मीद थी कि कुछ ही घंटों में सप्लाई बहाल हो जाएगी, लेकिन जैसे-जैसे शाम ढलती गई, हालात बिगड़ते चले गए। बिजली गुल होने के साथ ही पंखे, कूलर, एसी और पानी की मोटरें बंद हो गईं। उमस भरी गर्मी में घरों के अंदर रहना मुश्किल हो गया। कई परिवार छतों और घरों के बाहर सड़कों पर टहलते नजर आए। अंधेरे के कारण कॉलोनियों में पेयजल संकट भी गहरा गया था।घटना की जानकारी मिलते ही एसईसीएल के विद्युत विभाग की टीम मौके पर पहुंची। इंजीनियरों और कर्मचारियों ने खराब ट्रांसफॉर्मर को सुधारने की कोशिश की, लेकिन समस्या जटिल होने के कारण तत्काल समाधान नहीं मिल सका,ज्ञात हो कि करीब 24 घंटे की मशक्कत के बाद रविवार को राहत की खबर आई। विभाग ने 5 एमबीए ट्रांसफॉर्मर से अस्थायी कनेक्शन जोड़कर दोपहर बाद बिजली आपूर्ति बहाल कर दी है।हालांकि राहत मिलने के बावजूद स्थानीय लोगों में व्यवस्था को लेकर नाराजगी भी देखने को मिली। उनका कहना है कि बार-बार ट्रांसफॉर्मर में खराबी आना और बैकअप की कमी बड़ी समस्या है।

# डिपार्टमेंटल कॉलोनी में सूने घर का ताला तोड़कर लाखों रुपए के जेवरात की चोरी

बिश्रामपुर। एसईसीएल बिश्रामपुर की डिपार्टमेंटल कॉलोनी में बीती रात अज्ञात चोरों ने एक सूने मकान को निशाना बनाते हुए लाखों रुपये के जेवरात पार कर दिए। वहीं, एक अन्य घटना में वन-सी कॉलोनी से घर के बरामदे में खड़ी बाइक चोरी हो गई,दोनों मामलों की शिकायत बिश्रामपुर थाने में दर्ज कराई गई है और पुलिस जांच में जुटी है।

- वन-सी कॉलोनी से बाइक को अज्ञात चोरों ने किया पार, सूने आवासों को निशाना बना रहे संगठित चोर

जानकारी के अनुसार, डिपार्टमेंटल कॉलोनी क्वार्टर नंबर 439 निवासी गोरखनाथ सिंह का परिवार 27 अप्रैल को घर में ताला लगाकर कोरबा गया हुआ था। शनिवार रात जब परिवार वापस लौटा तो घर का ताला टूटा मिला और अंदर का सामान बिखरा पड़ा था। जांच करने पर आलमारी से सोने-चांदी के जेवरात गायब पाए गए। चोरी हुए सामान में दो जोड़ी झुमका, एक जोड़ी बाली, टॉप्स, सोने की चेन, नथिया, मांग टीका, जीवतिया हार, नाक की किल, चांदी की चेन, चार जोड़ी पायल, अंगूठी सहित अन्य जेवर शामिल हैं। पीड़ित परिवार के अनुसार, इस घटना में करीब 5 से 7 लाख रुपये का नुकसान हुआ है। वहीं दूसरी घटना वन-सी कॉलोनी क्वार्टर नंबर 26 में हुई, जहां निवासी अनिकेत सिंह रॉय के घर के बरामदे में



खड़ी नई होंडा साइन बाइक क्रमांक सीजी 15 ईएफ 9958 को चोर साथ ले गए जिसकी कीमत लगभग एक लाख रुपये बताई जा रही है। गौरतलब है कि दो दिन पहले ही सतपता खुटनपारा निवासी शिक्षक अशोक राजवाड़े के सूने घर में भी चोरी की वारदात हुई थी, जिसमें नगदी समेत लाखों के जेवरात चोरी हो गए थे। लगातार सूने घरों को निशाना बनाए जाने से क्षेत्र में दहशत का माहौल है,आशंका जताई जा रही है कि किसी संगठित चोर गिरोह द्वारा पहले रेकी कर वारदातों को अंजाम दिया जा रहा है। इधर, पुलिस अब तक कई मामलों का खुलासा नहीं कर पाई है, जिससे रात्रि गश्त और सुरक्षा व्यवस्था पर भी सवाल उठने लगे हैं।

# भतीजे के विवाद में साथ देने गए चाचा की चली गई जान

बिलासपुर। बीती रात लड़की से बात करने को लेकर हुए विवाद में चाकू से गला रेतकर एक व्यक्तिकी हत्या कर दी गई थी, बाद में पता चला है कि विवाद मृतक के भतीजे का था, वह भतीजे का साथ देने गया था और जान से हाथ धो बैठा। 2 मई 2026 की रात 10.30 बजे मोपका चौक गली में मोपका निवासी अभिषेक यादव की चाकू से गला रेतकर जघन्य हत्या कर दी गई थी। सरकण्डा टीआई प्रदीप आर्या ने बताया, मृतक अभिषेक यादव के बड़े भाई के लड़के ओमप्रकाश यादव का मोपका चाल में रहने वाली एक युवती से जान पहचान थी। 1 मई की रात ओमप्रकाश यादव चाल के पास युवती से बातचीत कर रहा था। चाल में रहने वाले एक नाबालिग ने दोनों को देख लिया। उसने पूछताछ की तो उसका ओमप्रकाश से विवाद हो गया। उक्त नाबालिग ने लड़की

- दो नाबालिग सहित पांच गिरफ्तार



मृतक। गिरफ्तार आरोपी।

के घर जाकर पूछताछ की, इससे युवती की मां ने उसे जमकर फटकार लगाई। 2 मई शाम को नाबालिग ने ओमप्रकाश को मिलने के लिए बुलाया। रात 10.30 बजे ओमप्रकाश यादव अपने चाचा अभिषेक यादव व अन्य दोस्तों के साथ मिलने गया। आरोपी आशीष सूर्यवंशी ने चाकू से अभिषेक यादव का गला रेत दिया। इस मामले में पुलिस ने आरोपी दो नाबालिग सहित पांच लोगों को गिरफ्तार कर लिया है। रविवार को तीन बालिग आरोपियों को कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया गया है। सोमवार को दोनों नाबालिगों को बाल न्यायलय में पेश किया जाएगा।

### पकड़े गए आरोपी

- आशीष सूर्यवंशी पिता सुखदेव सूर्यवंशी 22 साल सीपत टेकर हालमुकाम मोपका
- महावीर सूर्यवंशी पिता संतराम सूर्यवंशी 23 साल सीपत सेलर हालमुकाम मोपका
- रघुवीर सूर्यवंशी पिता संतराम सूर्यवंशी 26 साल सीपत सेलकर हालमुकाम मोपका
- दो नाबालिग

### आरोपी गिरफ्तार

इस मामले में दो नाबालिगों सहित पांच आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है।

-पंकज कुमार पटेल
एडीशनल एसपी

### अग्निवीर भर्ती परीक्षा हेतु निःशुल्क प्रशिक्षण 31 तक

बलरामपुर। जिला रोजगार अधिकारी ने बताया कि अग्निवीर भर्ती के लिए पंजीकृत अभ्यर्थियों को ऑनलाइन लिखित परीक्षा (सीईई) की तैयारी हेतु प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। भारतीय थल सेना में अग्निवीर भर्ती 2027 के लिए जारी अधिसूचना के तहत 10 अप्रैल तक ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए गए थे। पंजीकृत अभ्यर्थियों की ऑनलाइन लिखित परीक्षा 1 से 15 जून के मध्य आयोजित किया जाना संभावित है। इस परीक्षा की तैयारी को सुदृढ़ बनाने के लिए संचालनालय रोजगार एवं प्रशिक्षण छत्तीसगढ़ के निर्देशानुसार जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र, बलरामपुर द्वारा 1 से 31 मई तक परीक्षा पूर्व प्रशिक्षण दिया जाएगा। इच्छुक पंजीकृत अभ्यर्थी रोजगार विभाग के पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं।



# एमबीबीएस डॉक्टर बनने सरगुजा में 4763 ने दी नीट यूजी की परीक्षा

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

रविवार को एमबीबीएस सीटों में प्रवेश हेतु नीट यूजी की परीक्षा आयोजित की गई। राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा के लिए 12 केंद्र बनाए गए थे। इन केंद्रों में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच परीक्षा ली गई। नीट यूजी की परीक्षा में शामिल होने अभ्यर्थियों में खासा उत्साह देखने को मिला। परीक्षा में संभाग भर से 4763 अभ्यर्थी शामिल हुए जबकि 176 अनुपस्थित रहे।

- शहर के 12 केन्द्रों में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच ली गई परीक्षा

बता दें कि नीट यूजी के लिए राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा 2026 का आयोजन रविवार को संभाग मुख्यालय में किया गया। एमबीबीएस की सीटों में प्रवेश के लिए आयोजित इस परीक्षा हेतु संभाग मुख्यालय में कुल 12 केंद्र बनाए गए थे। इसके साथ ही इस परीक्षा के लिए कुल 4939 परीक्षार्थियों ने अपना पंजीयन कराया था। नीट की परीक्षा हेतु एनटीए व जिला प्रशासन द्वारा सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए थे। परीक्षार्थियों को सुबह 11 बजे से ही परीक्षा केंद्र में उपस्थित होने के निर्देश दिए गए थे। सुबह से ही परीक्षा केन्द्रों के बाद अभ्यर्थियों को मेटल डिटेक्टर से जांच की गई। परीक्षा के दौरान पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए सभी अभ्यर्थियों की बायोमेट्रिक उपस्थिति हेतु फिंगरप्रिंट और फोटो लिए गए। वहीं परीक्षा हेतु ड्रेस कोड भी निर्धारित किया गया था जबकि मोबाइल, ब्लूटूथ, स्मार्ट वॉच, कैलकुलेटर जैसे इलेक्ट्रॉनिक उपकरण और वॉलेट, बेल्ट, हैंडबैग पूरी तरह प्रतिबंधित थे। इस दौरान अभ्यर्थियों को कड़ी जांच के बाद परिसर में प्रवेश दिया गया। नीट यूजी की परीक्षा शहर के मल्टी परपज स्कूल, कन्या उमावि, पीजी कॉलेज, पोलिटेक्निक कॉलेज, केन्द्रीय विद्यालय, पुलिस लाइन स्कूल, नगर पालिका निगम स्कूल, कन्या उमावि मणिपुर, राजमोहिनी देवी एग्रीकल्चर कॉलेज, पीएम श्री नवोदय विद्यालय, कन्या शिक्षा परिसर में कड़ी सुरक्षा के बीच ली गई। इस दौरान नकल प्रकरण को रोकने के लिए टीम का गठन किया गया था। दोपहर 2 बजे से शाम 5 बजे तक चली नीट यूजी की परीक्षा में कुल 4 हजार 7 सौ 63 अभ्यर्थी शामिल हुए जबकि 1 सौ 76 अनुपस्थित रहे। परीक्षा को लेकर ख़ासा उत्साह देखने को मिला। हालांकि कुछ सवालों ने अभ्यर्थियों को काफी परेशान किया लेकिन ज्यादातर अभ्यर्थी अपनी परीक्षा को लेकर संतुष्ट नजर आए।



पुलिस के साथ गिरफ्तार आरोपी व जब्त पिकअप।

# मवेशी तस्करी का अंतर्राज्जीय गिरोह चढ़ा पुलिस के हत्थे

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

मवेशी तस्करी करने वाला अंतर्राज्जीय गिरोह पुलिस के हत्थे चढ़ गया। शिवरीनारायण पुलिस ने गिरोह के पांच सदस्यों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों को मवेशियों की तस्करी करते रंगे हाथों पकड़ा गया है। उनके कब्जे से 15 मवेशी और तीन पिकअप बरामद की गई है।

शिवरीनारायण पुलिस को रविवार 3 मई की सुबह 5 बजे मुखबिर से सूचना मिली कि 3 पिकअप से भैंसो की तस्करी करते बुचडखाना उड़ीसा ले जाया जा रहा है। सूचना पुलिस द्वारा घेराबंदी कर शिवरीनारायण राघव ईन होटल के सामने मेन रोड पर पिकप क्रमांक सीजी 04 क्यूयू-9122, ओडी 26 एफ 4334, ओडी 17 टी 8523 के चालकों को रोकवाकर देखा तो प्रत्येक पिकअप में 5-5 भैस को ठूंसठूंस कर रस्यिों से बांधकर भरा गया था। पूछताछ करने पर आरोपियों ने मवेशी तस्करी का जुर्म स्वीकार किया। पुलिस ने मुकेश ऐडजा पिता वृंदावन ऐडजा उम्र 26 वर्ष निवासी गोडमुडा बरगढ़, राजेश मांझी पिता बुद्धदेव माझी उम्र 26 वर्ष ग्राम खरामल बरगढ़, निरंजन कोलारी पिता घनश्याम कोलारी उम्र 25 वर्ष निवासी टेमरी बरगढ़, रूपेश कुमार पिता छायाकांता उम्र 20 वर्ष निवासी डुरकी छडा बरगढ़, प्रकाश राणा पिता अंकुर राणा उम्र 32 वर्ष निवासी सोडा जिला बरगढ़ उडीसा को गिरफ्तार किया। आरोपियों के विरूद्ध धारा 4 6, 10 एवं पशु क्रुरता अधि. की धारा 11(घ) के तहत कार्यवाही करते हुए न्यायिक रिमांड पर भेजा गया।

एक पखवाड़े तक जल संकट से रहेगी राहत

# मूसलाधार बारिश के बाद लौटी सूखी कनहर नदी की धारा

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

शनिवार को हुई मूसलाधार बारिश के बाद सूख चुकी कनहर नदी की धारा फिर लौट आई है। नदी में पानी भरने से क्षेत्रवासियों को भारी राहत मिली है। कनहर नदी में पानी भरने से नगरपालिका परिषद के अधिकारियों ने भी राहत की सांस ली है।

इस बार अप्रैल के प्रथम सप्ताह में ही कनहर की धार सूखकर पतली हो गई थी। दूसरे सप्ताह में नदी पूरी तरह सूख गई जिससे पेयजल के लिए पूरे नगर में समस्या हो गई। पेयजल संकट को देखते हुए नपा परिषद ने नदी की रेत में आनन-फानन में जेसीबी से गड्ढा खोदवाकर रेत से रिसे पानी को फिल्टर प्लांट में स्वच्छ कर घर-घर आपूर्ति कर रही थी। गर्मी बढ़ने पर पानी की मांग भी बढ़ने लगी। इधर गड्ढे में आवश्यकता के अनुरूप पानी जमा नहीं होने पर परिषद को पोकलेन की मदद से गड्ढे की गहराई बढ़ाने के साथ ही पोखरी का स्वरूप देना पड़ा। परिषद जल संकट के निराकरण के लिए लगातार बंद पड़े हैण्डपंपों का सुधार कराने के साथ ही संकटग्रस्त क्षेत्रों में टैंकर से पानी की आपूर्ति कर रही थी। स्थिति को देखते हुए नगर पंचायत के जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी काफी चिंतित थे तथा नदी के सूखने के कारण आगामी दो महीने तक भीषण गर्मी में पानी की आपूर्ति के लिए विकल्पों को तलाश रहे थे। इस दौरान ग्रामीणों द्वारा जगह-जगह नदी का पानी खेतों की सिंचाई के लिए बांधने की सूचना पर परिषद् द्वारा अभियान भी चलाया गया लेकिन खास सहायता नहीं मिल सकी। इधर मौसम में आए बदलाव के कारण गुरूवार एवं शनिवार को अंधड़ एवं गरज-चमक के साथ अच्छी वर्षा हुई जिसके बाद कनहर नदी की धार को फिर से जीवन मिल गया है। नदी का प्रवाह फिर से शुरू होने के साथ ही नदी पर एनीकट में पानी भर गया है। एनीकट में पानी भरने से परिषद के जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों ने राहत की सांस ली है। अब नदी के पानी को स्वच्छ कर टंकी के माध्यम से घर-घर पानी की आपूर्ति की जा रही है। एनीकट में पानी भरने से आगामी एक पखवाड़े के लिए जल संकट टल गया है।



कनहर नदी की जल धारा।

### हर साल होती है समस्या

रामानुजगंज नपा परिषद की 25 हजार की आबादी को पेयजल उपलब्ध कराने के लिए दशकों बाद भी कोई वैकल्पिक व्यवस्था नहीं हो सकी है। प्रारंभ से ही कनहर नदी के पानी से नपा परिषद की बढ़ी आबादी की प्यास बुझाई जा रही है। प्रारंभ में पानी की आपूर्ति में कोई समस्या नहीं हो रही थी लेकिन कनहर नदी पर जगह-जगह सिंचाई बांध का निर्माण कराने के बाद पिछले एक दशक से अधिक समय से गर्मी शुरू होते ही कनहर नदी सूख जा रही है जिससे नगरवासियों को जलसंकट का सामना करना पड़ रहा है। लम्बे समय से आबादी के अनुकूल नई जल आवर्धन योजना की जरूरत महसूस की जा रही है। क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों की लापरवाही के कारण नई जल आवर्धन योजना की स्वीकृति नहीं मिल पाई है।

### एनीकट के गेट से रिस रहा पानी

पेयजल संकट को लेकर जल संसाधन विभाग एवं प्रशासन कितना गंभीर है इसका अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि पेयजल समस्या के लिए निर्मित एनीकट का गेट वर्षों से खराब हैं। गेट से पानी का लगातार रिसाव हो रहा है। नपा परिषद के जनप्रतिनिधि भी कई बार विभाग से खराब गेट के सुधार हेतु अनेको बार पत्राचार करने के साथ ही अधिकारियों को मौखिक भी बोल चुके हैं

## खबर संक्षेप



### श्री अग्रसेन पब्लिक स्कूल में समर कैम्प का शुभारंभ

**कोरबा।** श्री अग्रसेन पब्लिक स्कूल के द्वारा इस वर्ष समर कैम्प 2 से 10 मई तक का अयोजन स्कूल परिषर में किया गया है। जिसमें बच्चों को अन्य विषय कि जानकारी के साथ साथ उन्हें विभिन्न कलाओं का ज्ञान दिया जाएगा। प्राचार्य भूपेन्द्र कुमार पांडे ने कहा कि बच्चों को पढाई के साथ साथ आपके व्यक्त को और निखरने का काम समर कैम्प में किया जाएगा। कैंप में जिसमें बच्चों को जुम्मा, योगा, शंतरज, पेन्टिग, चित्रकला, स्पोकन इंग्लिस, डांस, कैलिग्राफी, अयोजित किया गया। इस अवसर पर त्रिलोकीनाथ बजाज, अजय अग्रवाल, श्रीमति अनिता सिंघल, श्रीमति नेहा अग्रवाल, गोपाल अग्रवाल श्रीमति मीना अग्रवाल, प्रखर बागडिया, मनीष अग्रवाल जगदीश अग्रवाल, अनिल अग्रवाल, व उपस्थित थे समर कैम्प में शिक्षक एवं शिक्षकाओं में श्रीमति रिना चौधरी, ममता टांक, संजिता गार्डिया, उषा पटेल, कुसुम पाण्डे, अनिता सक्सेना, दिव्या सक्सेना, मंजू शर्मा, नाज सिददीकी, सुष्मा रमानी, निधी मिश्रा, निशा दिवान, कामिनी बरेठ, हेमपुष्पा, सुधालता जायसवाल, विजय लक्ष्मी गुप्ता, दिनेश देवांगन, सरिना लाला का सहयोग रहेगा।

### मॉल रोड बनाने में सहयोग करें पावर हाउस रोड के व्यापारी : नूतन



**कोरबा।** जिले की आम जनता को महानगरों जैसी सुविधा देने, पुराना शहर के विकास और पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए पावर हाउस को नई साज सज्जा व सुविधाओं के साथ मॉल रोड बनाने के योजना में क्षेत्र के व्यापारियों को नगर निगम के साथ आना चाहिए। नगर निगम कोरबा की योजना है कि नहर पुल से ओवर ब्रिज तक पावर हाउस रोड को माल रोड की तर्ज पर विकसित किया जाएगा जिसमे सड़क पर डिवाइडर हटाकर सुंदर पेवर ब्लाक, फाउंटेन, पेड़ पौधे लगाकर सौंदर्यकरण किया जाएगा। इस रोड पर कार और बाइक नहीं चलेंगे, सभी गाड़ियों मल्टीलेवल पार्किंग में पार्क कर लोग पैदल घुमते, टहलते हुए खरीदारी कर सकेंगे। बुजुर्ग और असहाय लोग ईव्हिकल का सहारा ले सकेंगे। सड़क के सौंदर्यकरण के साथ मनोरंजन के साधन उपलब्ध कराया जाएगा जिससे पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा। लोगों की आवाजाही से व्यापारियों को फायदा होगा। भारी ट्रैफिक जाम और गाड़ियों के दबाव में आम लोग पावर हाउस रोड जाने से परहेज़ कर रहे हैं यही हाल रहा तो निकट भविष्य में यहां व्यापार ठप्प हो जाएगा।

## निधन

### लक्ष्मी दास



**कोरबा।** पाली कोटवार लक्ष्मी दास उम्र लगभग 36 वर्ष का 3 मई की सुबह 8:30 बजे उसके निवास स्थान पाली में आकस्मिक निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 4 मई को पाली स्थित मुक्तिधाम में होगा।

## पृष्ठ 1 का शेष

### मनरेगा श्रमिकों...

श्रमिकों के पास उपलब्ध नहीं है। मनरेगा श्रमिक जॉब कार्ड को लेकर ही पंजीयन कराने पहुंच रहे हैं। हालांकि अपने साथ अन्य दस्तावेज भी रखे हुए हैं। किन्तु विभाग की जटिल गाइड लाइन के कारण पंजीयन से वंचित होना पड़ रहा है। हालांकि विभागीय अधिकारी कहते हैं कि हर श्रमिक का पंजीयन विभाग में हो रहा है। दस्तावेज उपलब्ध होने पर पंजीयन की प्रक्रिया की जाती है।

### मौसम के बदलते...

के समस्त कर्मचारी तथा तेन्दू पत्ता संग्राहक उपस्थित रहे। जबकि इसी तरह खराब मौसम के चलते अब तक कटघोरा वन मंडल में तेंदू पत्ता संग्रहण कार्य शुरु नहीं हो पाया है। संभावना जतायी जा रही है कि कोरबा वन मंडल में 5 व 6 मई तक ही तेंदू पत्ता संग्रहण कार्य शुरु किया जाएगा क्योंकि मौसम विभाग ने अभी एक दो दिन मौसम को लेकर अलर्ट जारी किया गया है।

### चाइल्ड केयर...

फैलने लगी। जिसकी वजह से अस्पताल में हड़कंप मच गया। अस्पताल में भर्ती बच्चों के परिजनों में दहशत का माहौल निर्मित हो गया और लोग अपनी जान बचाने अस्पताल से बाहर भागने लगे। तत्काल इसकी सूचना नगर सेना के दमकल विभाग को दी गई। आनन फानन में अस्पताल स्टाफ ने फायर सिस्टम के जरिये आग पर काबू पाने का प्रयास शुरु किया गया। सूत्रों की मानें तो आगजनी की घटना के दौरान अस्पताल के चाइल्ड केयर यूनिट में 15 बच्चे भर्ती थे जिनमें से कुछ बच्चे ऑक्सीजन सपोर्ट में रखे गए थे। घटना का सुखद पहलू यह रहा कि धमाके के तुरंत बाद अस्पताल कर्मियों ने सूझबूझ का परिचय दिया और फायर सेफ्टी उपकरणों का उपयोग करते हुए आग पर काबू पा लिया। राहत की बात यह रही कि इस घटना में किसी भी बच्चे या स्टाफ को चोट नहीं आई है।

# अहिरन नदी पर मंडरा रहा संकट, कटघोरा का सीवेज बना जहर

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटघोरा

अलग खबर

करीब 70 हजार की आबादी वाले इस नगर में 15 वार्ड हैं, लेकिन बुनियादी सीवेज प्रबंधन की कमी अब एक बड़े पर्यावरणीय संकट में बदल चुकी है। नगर के विभिन्न वार्डों से निकलने वाला गंदा पानी सीधे अहिरन नदी में छोड़ा जा रहा है, जिससे नदी का पानी पूरी तरह दूषित और जहरीला हो गया है।

इसका असर सिर्फ नदी तक सीमित नहीं है, बल्कि इसके किनारे बसे कई गांवों की जिंदगी भी प्रभावित हो रही है। कटघोरा से लगे ग्राम डुडगा सहित लगभग आधा दर्जन गांवों के किसान गंभीर समस्याओं का सामना कर रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि पिछले 5 वर्षों से नगर का सीवेज और राइस मिलों का अपशिष्ट सीधे नदी में मिलाया जा रहा है। प्रदूषित

## खेती और स्वास्थ्य पर पड़ रहा असर

**खास बातें**


- जल प्रदूषण योजना पर शुरु नहीं हुआ क्षेत्र में काम
- लोगों के स्वास्थ्य पर मंडराया खतरा



पानी के कारण खेतों की उत्पादकता पर बुरा असर पड़ा है। किसान बताते हैं कि फसलें कमजोर हो रही हैं और उत्पादन घटता जा रहा है। वहीं, इस पानी के संपर्क में आने वाले ग्रामीणों में खुजली, चर्म रोग और अन्य बीमारियां तेजी से फैल रही हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि उन्होंने कई बार इस समस्या की शिकायत की, लेकिन अब तक ना तो नगर पालिका और ना ही जिला प्रशासन ने कोई ठोस कदम उठाया। इससे लोगों में आक्रोश बढ़ता जा रहा है। हालांकि, नगर पालिका परिषद कटघोरा के अध्यक्ष का कहना है कि अब इस गंभीर समस्या के समाधान के लिए पहल शुरू कर दी गई है। अहिरन नदी को प्रदूषण से बचाने के लिए जल्द ही सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट लगाया जाएगा। इसके लिए राज्य सरकार से करीब 5 करोड़ रुपये की मंजूरी भी मिल चुकी है। अब सबसे बड़ा सवाल यह है कि यह योजना जमीन पर कब उतरेगी और क्या समय रहते अहिरन नदी को फिर से स्वच्छ और सुरक्षित बनाया जा सकेगा? या फिर यह नदी यूं ही प्रदूषण की भेंट चढ़ती रहेगी? कटघोरा से सामने आई यह तस्वीर न सिर्फ पर्यावरणीय संकट को उजागर करती है, बल्कि प्रशासनिक व्यवस्था पर भी गंभीर सवाल खड़े करती है।

## रामपुर विधायक के निवास पहुंचा प्रतिनिधिमंडल, सौंपा ज्ञापन

# ओपीएस नहीं तो वोट नहीं की चेतावनी बिजली कर्मचारियों का शक्ति प्रदर्शन



ज्ञापन सौंपते श्रमिक संगठन के सदस्य।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

पुरानी पेंशन योजना संविदा कर्मियों के नियमितीकरण और वेतन विसंगति जैसे मुद्दों को लेकर छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत कर्मचारी जनता यूनियन ने रविवार को बड़ा शक्ति प्रदर्शन किया। यूनियन का प्रतिनिधिमंडल सीधे रामपुर विधायक फूल सिंह राठिया के गृह ग्राम केरवाद्वारी पहुंचा और सरकार तक संदेश देने वाला ज्ञापन सौंपा।

**खास बात**

- मांगों को लेकर 90 विधायकों, 11 सांसदों व 5 राज्य सभा सांसदों से संपर्क कर सौंपेंगे ज्ञापन

छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत कर्मचारी जनता यूनियन द्वारा प्रदेश के विद्युत कर्मचारियों एवं संविदा कर्मियों की समस्याओं को लेकर 1 से 7 मई तक पूरे प्रदेश में व्यापक स्तर पर जनप्रतिनिधि संपर्क अभियान प्रारंभ किया गया है। इस अभियान के अंतर्गत यूनियन के पदाधिकारी प्रदेश के सभी जिलों एवं क्षेत्रीय मुख्यालयों में अपने-अपने क्षेत्र के 90 विधायक, 11 लोकसभा सांसद एवं 5 राज्यसभा सांसदों से संपर्क कर उन्हें ज्ञापन सौंपेंगे तथा कर्मचारियों की लंबित मांगों से अवगत कराएंगे। यूनियन नेताओं ने साफ संकेत दिए कि अगर कर्मचारियों की मांगों पर जल्द फैसला नहीं हुआ तो आने वाले समय में आंदोलन और तेज हो सकता है। प्रदेशभर में चल रहे जनप्रतिनिधि जनसंपर्क अभियान को अब राजनीतिक दबाव की रणनीति के तौर पर देखा जा रहा है। प्रांतीय अध्यक्ष अनिल द्विवेदी के नेतृत्व में पहुंचे प्रतिनिधिमंडल ने विधायक के सामने कर्मचारियों की लंबित समस्याओं की लंबी सूची रखी। सबसे ज्यादा जोर पुरानी पेंशन योजना की बहाली पर रहा। यूनियन नेताओं ने कहा कि ओपीएस कर्मचारियों का अधिकार है, एहसान नहीं। सूत्रों की मानें तो कर्मचारियों का यह अभियान सिर्फ ज्ञापन तक सीमित नहीं रहने वाला। आने वाले दिनों में प्रदेशभर के जनप्रतिनिधियों के खिलाफ मोर्चा खोलने की तैयारी भी की जा रही है। राजनीतिक गलियारों में इस मुलाकात को कर्मचारी वोट बैंक की सीधी चेतावनी के तौर पर देखा जा रहा है। वहीं विधायक फूल सिंह राठिया ने प्रतिनिधिमंडल को आश्वस्त किया कि उनकी मांगों को शासन स्तर पर मजबूती से उठाया जाएगा और समाधान के लिए सकारात्मक पहल की जाएगी। इस दौरान यूनियन के कई बड़े पदाधिकारी मौजूद रहे, जिनमें प्रदीप पाठक, टी.पी. गुप्ता, सम्मेलाल श्रीवास, उदय राठौर, संजय लसार, सागर देवांगन, लक्ष्मी प्रसाद यादव, सुखीदास मंहत, मुरलीधर सोनिकर और अन्य शामिल रहे।

### कटघोरा विधायक को भी सौंपा ज्ञापन

छग राज्य विद्युत कर्मचारी जनता यूनियन ने पुरानी पेंशन योजना, संविदा कर्मचारियों के नियमितीकरण और नियमित भर्ती समेत कई लंबित मांगों को लेकर सरकार पर दबाव बढ़ाना शुरू कर दिया है। इसी कड़ी में यूनियन के प्रतिनिधिमंडल ने जनप्रतिनिधि संपर्क अभियान के तहत श्रम व उद्योग मंत्री मंत्री लखनलाल देवांगन से उनके निवास पर मुलाकात कर मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा है। अभियान की शुरुआत जिले से की गई, जहां उद्योग मंत्री श्री देवांगन के बाद कटघोरा विधायक प्रेमचंद पटेल से ग्राम धनराज में मुलाकात कर यूनियन प्रतिनिधिमंडल द्वारा ज्ञापन सौंपा गया।

### ये है प्रमुख मांगें

संघ की प्रमुख मांगों में विद्युत कंपनियों में पुरानी पेंशन योजना तत्काल लागू करने की मांग शामिल है। इसके अलावा रिक्त पदों पर नियमित भर्ती प्रक्रिया शीघ्र प्रारंभ की जाए। वर्षों से कार्यरत संविदा कर्मचारियों का नियमितीकरण किया जाए। विद्युत कंपनियों में प्रचलित आउटसोर्सिंग ठेका प्रथा समाप्त की जाए। कर्मचारियों के लिए सुरक्षित कार्य वातावरण एवं न्यायसंगत वेतन व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। यूनियन ने स्पष्ट किया है कि यदि इन मूलभूत मांगों पर शीघ्र सकारात्मक निर्णय नहीं लिया गया, तो इससे कर्मचारियों में असंतोष बढ़ने के साथ-साथ प्रदेश की विद्युत व्यवस्था की गुणवत्ता एवं कार्यक्षमता भी प्रभावित हो सकती है। यह अभियान केवल मांगों को रखने तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि आवश्यकता पड़ने पर आगामी समय में व्यापक आंदोलन की रूपरेखा भी तय की जाएगी।

## संस्कार भारती की एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन



कार्यशाला में उपस्थित संस्कार भारती के सदस्य।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटघोरा

संस्कार भारती जिला इकाई की एक दिवसीय कार्यशाला रविवार को छुरी में संपन्न हुई। संस्कार भारती नगर संयोजन समिति छुरी के तत्वावधान में सरस्वती शिशु मंदिर के सभा कक्ष सम्पन्न हुई। इस अवसर पर विद्याभारती के प्रांतीय अध्यक्ष जुड़ावन सिंह ठाकुर तथा संस्कार भारती के प्रांतीय महामंत्री हेमन्त माहुलिकर की उपस्थिति रही।

सर्वप्रथम मां भारती तथा मां वीणा पाणी के छायाचित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर तथा संस्कार भारती के गीत से सभा का आरंभ हुआ। कार्यक्रम के प्रथम सत्र में सभी नगर समितियों के दायित्ववान सदस्यों ने गत सत्र में आयोजित कार्यक्रमों, प्रस्तावित कार्ययोजना तथा आय व्यय का प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। इसके पश्चात प्रांतीय महामंत्री हेमन्त माहुलिकर संस्कार भारती के उद्देश्य पर सभी का मार्गदर्शन किया। द्वितीय सत्र में जुड़ावन सिंह ठाकुर द्वारा पंच परिवर्तन के संबंध में अपनी बात रखते हुए सामाजिक समरसता, कुटुम्ब प्रबोध, पर्यावरण संरक्षण और संवर्धन, नागरिक कर्तव्य तथा स्वदेशी आचरण पर संस्कार भारती के कार्यक्रम आधारित हो, तथा यह विचार जन-जन तक पहुंचे। सभी कार्यकर्ताओं का यह कर्तव्य होना चाहिए। भोजनावकाश के उपरांत तृतीय सत्र में संस्कार भारती के विभिन्न उत्सवों, सदस्यता चुनौतियां तथा समाधान के संबंध में परिसंवाद हुआ। श्री माहुलिकर ने कहा कि संस्कार भारती केवल एक सांस्कृतिक संगठन नहीं, बल्कि राष्ट्र निर्माण की जीवंत चेतना है। नई संरचना और सक्रिय कार्ययोजना के साथ संगठन समाज में और प्रभावशाली भूमिका है। अपनी स्थापना से लेकर अब तक विस्तार की दृष्टि से कला जगत में संस्कार भारती आज विश्व की सबसे बड़ी संस्था के रूप में प्रतिष्ठित है।संस्कार और सभ्यता के बारे आगे वर्णन करते हुए कहा कि भोजन,भजन, भवन ,वेशभूषा,भ्रमण ये पांच चीज प्रमुख है। सभी लोगों को एक साथ भोजन करनी चाहिए दूसरा जिस भवन में रह रहे हो उसमें हिंदू संस्कारीत चीजें झलकनी चाहिए ,जैसे ध्वज, तुलसी का पौधा वेशभूषा हिंदू संस्कार वेश धारण करनी चाहिए। घर के सभी लोग को एक साथ भजन करनी चाहिए।

## आदर्श विद्या मंदिर कटघोरा का 10वीं 12वीं का रहा उत्कृष्ट प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटघोरा





आदर्श विद्या मंदिर हायर सेकेंडरी स्कूल के परीक्षा परिणामों में विद्यालय ने उत्कृष्ट उपलब्धि हासिल की है। इस वर्ष कक्षा 12वीं का परीक्षा परिणाम 96 प्रतिशत रहा। कक्षा 12वीं में रियांशी पटेल ने 91.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया और अपनी प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। इसी प्रकार कक्षा 10वीं में भी विद्यालय ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 97 प्रतिशत परिणाम हासिल किया। कक्षा 10वीं में आस्था गोयल ने 93.83 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया और विद्यालय का गौरव बढ़ाया। विद्यालय प्रबंधन एवं समस्त स्टाफ ने इस शानदार उपलब्धि पर सभी सफल विद्यार्थियों को हार्दिक बधाई दी तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि यह सफलता विद्यार्थियों की लगन, अभिभावकों के सहयोग तथा शिक्षकों के निरंतर मार्गदर्शन का संयुक्त परिणाम है। विद्यालय परिवार को पूर्ण विश्वास है कि आने वाले वर्षों में भी विद्यार्थी इसी प्रकार उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विद्यालय एवं क्षेत्र का नाम निरंतर ऊँचाइयों तक पहुँचाते रहेंगे।

### बीकन हाई स्कूल में 92 प्रतिशत के साथ अरमान रहे पहले स्थान पर





**ढेलवाडीह।** बीकन अंग्रेजी माध्यम हाई स्कूल ढेलवाडीह का 10वीं बोर्ड का परीक्षा परिणाम उत्कृष्ट एवं शत प्रतिशत रहा। सभी छात्र- छात्राएं प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण हुए। अरमान कुमार पिता महेश सोनी 92.67 प्रतिशत के साथ प्रथम स्थान पर रहे। वहीं दिशांत पिता अजय कुमार जायसवाल ने 87.4 प्रतिशत अंकों के साथ द्वितीय एवं तृतीय घनश्याम पिता जवाहरलाल 85.8 प्रतिशत के साथ रहे। प्राचार्य श्रीमती मीना शर्मा एवं कक्षा शिक्षिका श्रीमती शील प्रभा सोना एवं समस्त शिक्षक शिक्षिकाओं एवं शाला परिवार हर्ष व्याप्त है पालकों ने बधाई प्रेषित की है।

## सोनी परिवार के दिवंगत सदस्यों को उद्योग मंत्री ने दी श्रद्धांजलि

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



कैबिनेट मंत्री लखन लाल देवांगन शनिवार को काशीनगर स्थित सोनी परिवार के निवास पहुंचे और हाल ही में हुए दर्दनाक सड़क हादसे में दिवंगत हुए सदस्यों के प्रति श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए शोकाकुल परिजनों से मुलाकात की।

चार दिन पूर्व कोरबा-चांपा मार्ग पर हुए भीषण सड़क दुर्घटना में सोनी परिवार के तीन सदस्यों का असामयिक निधन हो गया था, वहीं तीन अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए थे। इस हृदयविदारक घटना से पूरे क्षेत्र में शोक की लहर व्याप्त है। मंत्री श्री देवांगन ने परिजनों से मिलकर गहरा दुख व्यक्त किया और कहा कि यह घटना अत्यंत पीड़ादायक है। उन्होंने ईश्वर से घायल सदस्यों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की। इस दौरान उन्होंने अस्पताल पहुंचकर उपचाररत घायल सदस्य का भी हालचाल जाना और चिकित्सकों से इलाज की जानकारी भी ली। इस अवसर पर महापौर श्रीमती संजू देवी राजपूत, भाजपा जिला उपाध्यक्ष प्रफुल्ल तिवारी, पार्षद नरेंद्र देवांगन, मंडल अध्यक्ष राजेश राठौर, पार्षद श्रीमती धन कुमारी गर्ग एवं गुलजार सिंह सहित अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## सात समंदर पार वियतनाम में जिले की बेटी सिद्धि ने लहराया परचम

हरिभूमि न्यूज ⏭ गेवरा-दीपका



पुरस्कार प्राप्त करती सिद्धि।

सात समुंदर पार विदेश की धरती में हाल ही में हनोई वियतनाम में आयोजित भारत संस्कृति यात्रा प्रतियोगिता में शक्तिनगर दीपका की होनहार छात्रा और कला गीत संगीत में माहिर डीपीएस एनटीपीसी मैं अध्यनरत कक्षा छठवीं की छात्र सिद्धि सिंह ने महज इतनी छोटी सी उम्र में दो बार विदेशी धरती पर भजन गाकर भारतीय संस्कृति का परचम लहराते हुए इस वर्ष प्रथम स्थान को प्राप्त किया है।

ज्ञात हो कि प्रतिभाशाली छात्रा सिद्धि सिंह ने शानदार प्रदर्शन करते हुए भजन (सब-जूनियर वर्ग) में प्रथम स्थान प्राप्त करते हुए अपनी इस उपलब्धि से देश का नाम अंतरराष्ट्रीय स्तर पर गौरवान्वित किया है। सिद्धि सिंह बचपन से ही कला और संगीत में विशेष रुचि होने के कारण यह अनेकों प्रतियोगिताओं में भाग लेकर पुरस्कृत हो चुकी है। सिद्धि सिंह के इस उपलब्धि के पीछे इनकी माताजी जो प्राइवेट स्कूल की शिक्षिका है एवं एक सामान्य परिवार से प्रमोद सिंह और प्रदीप सिंह ने उनकी प्रतिभा को देखते हुए हर स्तर पर इन्हें प्रोत्साहित किया है अपनी इस उपलब्धि का श्रेय सिद्धि सिंह की मेहनत, समर्पण और संगीत के प्रति लगाव ने उन्हें इस मुकाम तक पहुंचाया है विद्यालय के शिक्षकों और अभिभावकों ने उनकी इस उपलब्धि पर हर्ष व्यक्त किया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। सिद्धि सिंह की यह सफलता अन्य विद्यार्थियों के लिए प्रेरणा का स्रोत है और यह दर्शाती है कि निरंतर प्रयास और लगन से किसी भी लक्ष्य को प्राप्त किया जा सकता है।

## हरदीबाजार-दीपका बाइपास में अव्यवस्थित डिवाइडर, दुर्घटना की बनी संभावना

हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदीबाजार



हरदीबाजार-दीपका बाईपास के खस्ताहाल सड़क से जहां लोगों को राहत मिली है वहीं इस मार्ग मे आवागमन करने वाले लोगों को सुरक्षित सफर कर सके,कोयला गाडियां व बड़ी वाहन एवं छोटी वाहन व बाईक अलग चले जिसके लिए एसईसीएल दीपका-गेवरा प्रबंधन ने सड़क पर डिवाइडर लगाया है, सड़क पर रात में अंधेरा न रहे उसके लिए बिजली खंभा लगाई है, जो कुछ दिनों से बंद पड़ी है लेकिन लापरवाह टेलर चालकों की वजह से इस मार्ग में दो से तीन स्थानों पर डिवाइडर को ठोकर मारकर आड़ा तिरछा कर दिए हैं वह वैसा ही पड़ा हुआ है। जिससे रात में सड़क अंधेरा होने की वजह से बाईक सवार व चार पहिया वाहन चालक दुर्घटना का शिकार हो रहे हैं। इस ओर एसईसीएल दीपका व गेवरा प्रबंधन गंभीर नहीं है। जबकि दीपका कोयला खदान से हरदीबाजार,सराईसिंगार,रेंकी व गेवरा कोयला खदान से रलिया, उमेंदी भांठा, भिलाईबाजा अधिग्रहित व प्रभावित होने की वजह से रोजाना प्रबंधन के अधिकारी व कर्मचारी रोजाना आना जाना कर रहे हैं लेकिन कोई भी सड़क व्यवस्था पर गंभीर नहीं है। प्रबंधन जल्द ही समस्याओं पर त्वरित कार्रवाई करने क्षेत्र के लोगों ने मांग की है।

### आम ईश्तहार

मैं मुर्तुजा हुसैन, उम्र लगभग 70 वर्ष, पिता स्व. अब्बास हुसैन, निवासी- ग्राम जिल्गा बरपाली, थाना श्यांग, जिला कोरबा (छ.ग.) हाल मुकाम मकान क्रमांक 141/9 डीडीएम मार्ग एसएस ग्रीन अपार्टमेंट के पीछे तुलसीनगर कोरबा, तहसील व जिला कोरबा (छ.ग.) अपने पूरे होस हवास में अपने पुत्र रियाज हुसैन, उसकी पत्नी रजनी तथा दो बच्चे निवासी-ग्राम जिल्गा बरपाली, थाना श्यांग, जिला कोरबा (छ.ग.) को सभी जिम्मेदारियों और अपने एवं अपनी पत्नी सायरा परवीन के स्वामित्व एवं आधिपत्य की भूमि ग्राम बरपाली, पहनं 49, रानिमं बरपाली (जिल्गा) तहसील कोरबा, जिला कोरबा स्थित भूमि खसरा क्रमांक क्रमशः 266/5, 425/5 एवं 774/2 रकबा क्रमशः 0.4050, 0.3160, 0.8090 हेक्टेयर भूमि सहित समस्त चल एवं अचल संपत्ति से अपने पुत्र रियाज हुसैन, उसकी पत्नी रजनी तथा दो बच्चे को आजाद कर बेदखल करता हूँ तथा आज दिनांक 02/05/2026 से द्वितीय पक्ष रियाज हुसैन, उसकी पत्नी रजनी तथा दो बच्चे के द्वारा उक्त समस्त संपत्ति के संबंध में कोई हकदावा किया जाता है तो वह अवैध एवं शून्य होगा।

भवदीय
मुर्तुजा हुसैन
पिता स्व. अब्बास हुसैन
निवासी- ग्राम जिल्गा बरपाली, थाना श्यांग, जिला कोरबा (छ.ग.)
हाल मुकाम मकान क्रमांक 141/9 डीडीएम मार्ग एसएस ग्रीन अपार्टमेंट के पीछे
तुलसीनगर कोरबा
तहसील व जिला कोरबा (छ.ग.)
मोबाइल- 9229861814

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
◆ हड्डी एवं जोड़ों का दर्द ◆ नसों का रोग
◆ त्वचा एवं बालों का रोग ◆ स्त्री रोग ◆ मानसिक रोग
◆ मूत्र संबंधी रोग ◆ मधुमेह (डायबिटीज़) ◆ नेत्र रोग
◆ किडनी संबंधी रोग ◆ पेट संबंधी विकार ◆ थायराइड
◆ अस्थमा ◆ मोटापा ◆ मांसपेशी का रोग
◆ मल द्वार रोग विशेषज्ञ
प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार उपरांत प्रतिपूर्ति (MEDICAL REIMBURSEMENTS) हेतु छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त

## खबर संक्षेप



### घर में घुसा नेवला, सुरक्षित रेस्क्यू कर छोड़ा गया जंगल

**कोरबा।** कोरबा वन मंडल अंतर्गत आने वाले पोड़ीबहार क्षेत्र में शनिवार की रात लगभग 10:30 बजे उस समय अफरा-तफरी मच गई। पोड़ी बहार में निवासरत विजय अग्रवाल के घर में अचानक एक नेवला घुस आया। घर के सदस्यों को कुछ समझ नहीं आया कि क्या करें—सभी लोग डर गये थे। विजय अग्रवाल ने तुरंत इसकी सूचना रेस्क्यू टीम को सूचना दी। सूचना मिलते ही आरसीआरएस के अध्यक्ष अविनाश यादव व उनकी टीम तत्काल मौके पर पहुंची और घर की जांच करने पर पाया गया कि नेवला कमरे में रखी अलमारी के नीचे छिपा हुआ था। टीम को देखते ही वह तेजी से इधर-उधर भागने लगा। कुछ देर बाद ही उसका सफल रेस्क्यू कर जंगल में छोड़ा गया।

### श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ सप्ताह में शामिल हुए विधायक



**हरदीबाजार।** हरदीबाजार पुराना दीपका रोड शांतिनगर में 28 अप्रैल को भव्य कलश शोभा यात्रा,वेदी पूजन पश्चात श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ कथा का आयोजित आयोजन हुआ। जो 5 मई को तुलसी वर्षा, हवन, सहस्त्रधारा व प्रसाद वितरण के साथ विश्राम होगा। कथा दोपहर 3.30 बजे से आरंभ होकर प्रभु इच्छा तक एवं नित्य पूजन प्रातः 8.30 बजे प्रतिदिन संपन्न हो रहा है। शनिवार को कथा का पांचवें दिन कथा व्यास पीठ पर शोभायमान कथा वाचक रमाकांत शर्मा महराज हरदीबाजार वाले ने श्री कृष्ण बाल लीला, माखन चोरी, गोवर्धन पूजा व 56 भोग की कथा का रसपान कराया वही विधायक प्रेमचंद पटेल ने महराज से आशीर्वाद प्राप्त किए और उपस्थित श्रोताओं को कहा कि श्रीमद्भागवत कथा से आत्मिक शांति एवं आध्यात्मिक ऊर्जा का अनुभव हुआ। भगवत कथा हमें अनुशासित रहने, धैर्यवान बनने के साथ साथ संस्कार वान बनाता है। आयोजक श्रीवास परिवार के द्वारा भोग भंडारा का आयोजन किया गया है।

### 25 स्कूलों का परीक्षा परिणाम 50 प्रतिशत से भी कम

# बोर्ड परीक्षा परिणाम में कमजोर रिजल्ट वाले स्कूलों को जारी किया जाएगा नोटिस

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा घोषित किए गए हाई स्कूल, हायर सेकेंडरी परीक्षा परिणाम में कमजोर रिजल्ट वाले स्कूलों को नोटिस जारी की जाएगी। जिले में 25 स्कूल ऐसे हैं जिनका परीक्षा परिणाम 50 प्रतिशत से भी कम है। वहीं एक स्कूल का परीक्षा परिणाम 30 फीसदी से भी कम आया है। ऐसे स्कूलों के प्राचार्यों को नोटिस जारी करने की तैयारी की गई है।




**खास बात**

- एक स्कूल का परीक्षा परिणाम 30 प्रतिशत से भी कम रहा

**कमजोर रिजल्ट वालों को नोटिस देंगे**

जिले में 25 स्कूल ऐसे हैं जिनके परीक्षा परिणाम 50 प्रतिशत से कम है। एक स्कूल का परीक्षा परिणाम 30 प्रतिशत से कम आया है। ऐसे स्कूलों को माशिमं के निर्देश के तहत नोटिस जारी की जाएगी।
-टीपी उपाध्याय, डीईओ

**प्री बोर्ड में कमजोर बोर्ड में सर्वश्रेष्ठ**

परीक्षा परिणाम की समीक्षा के दौरान चौंकाने वाला मामला यह सामने आया है कि जिन स्कूलों का परीक्षा परिणाम प्री बोर्ड परीक्षा में कमजोर रहा आखिर उन स्कूलों का परीक्षा परिणाम वार्षिक परीक्षा में कैसे सर्वश्रेष्ठ हो गया और 15 दिन में ऐसा क्या सुधार कार्य हो गया कि प्री बोर्ड परीक्षा में कमजोर रिजल्ट देने वाले स्कूल वार्षिक परीक्षा के परिणाम में बेहतर प्रदर्शन किए हैं। हालांकि ये स्कूल ग्रामीण अंचलों के हैं। ऐसी स्थिति में परीक्षा संचालन को लेकर भी सवाल खड़े होने लगे हैं। इन स्कूलों में फरसवानी, सुखरीकला, जुराली, अजगरबहार स्कूल भी शामिल हैं। जिनके परीक्षा परिणाम प्री बोर्ड में कमजोर थे। इन स्कूलों में फरसवानी को ओपन परीक्षा केन्द्र भी बनाया गया था। जहां सर्वाधिक 1700 परीक्षार्थी बैठे थे। इससे फरसवानी स्कूल संदेह के दायरे में आ गया था। ऐसे और भी स्कूल हैं जहां वार्षिक परीक्षा के दौरान गड़बड़ी की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता है।

**शहर के स्कूल पिछड़े**

बोर्ड परीक्षा परिणाम में शहर के ऐसे स्कूल ग्रामीण अंचल के स्कूलों से पिछड़ गए हैं जहां परीक्षा संचालन को लेकर लगातार कड़ाई बरती गई और उड़नदस्ता टीम ने भी दबिश देती रही। जाहिर है शहर के ऐसे स्कूलों के परीक्षा संचालन में गड़बड़ी नहीं हुई। परिणाम स्वरूप रिजल्ट भी कमजोर रहा।

बोर्ड परीक्षा परिणाम सुधार के लिए माध्यमिक शिक्षा मंडल ने सभी स्कूलों में प्री बोर्ड एग्जाम आयोजित किए थे। फरवरी महीने में संपन्न हुए प्री बोर्ड परीक्षा के 15 दिन बाद वार्षिक परीक्षाओं का आयोजन शुरू किया गया। 3 दिन पूर्व घोषित किए गए परीक्षा परिणाम के तहत प्रदेश की अस्थाई मेरिट सूची में जिले में किसी भी छात्रों को स्थान नहीं मिला है। वहीं 14 स्कूल ऐसे हैं जिनका परीक्षा परिणाम 100 प्रतिशत बताया गया है। परीक्षा परिणाम की समीक्षा के बाद ऐसे स्कूलों को नोटिस जारी की जा रही है, जिनके परिणाम माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा तय किए गए मापदंड से कम आए हैं। माशिमं के द्वारा जारी निर्देश के तहत 50 प्रतिशत और 30 प्रतिशत से कम परीक्षा परिणाम वाले स्कूलों के प्राचार्यों को नोटिस जारी की जाएगी। इनमें जिले के 25 स्कूलों का परीक्षा परिणाम 50 प्रतिशत से कम एवं एक स्कूल का परीक्षा परिणाम 30 प्रतिशत से कम आया है।

## गांजा तस्करों के ठिकाने पर पुलिस का छापा, आरोपी सलाखों के पीछे

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले में गांजा तस्करी के दो अलग अलग मामले सामने आया है। जहां पुलिस ने

**खास बात**

- कोतवाली पुलिस ने दो अलग-अलग स्थानों में दी थी दबिश

आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से गांजे की खेप जब्त किया गया है। नगर कोतवाल मोतीलाल पटेल को मुखबीर से सूचना मिली थी कि इमलीडुग्गु रेलवे केबिन के पास एक महिला द्वारा अवैध रूप से गांजा रखकर बिक्री की जा रही है। सूचना की पुष्टि के पश्चात पुलिस



पुलिस गिरफ्त में आरोपी।

टीम मौके पर पहुंचकर घेराबंदी महिला आरोपी को हिरासत में पूछताछ कर तलाशी ली गई। तलाशी के दौरान इमलीडुग्गु केबिन के नीचे निवासी श्रीमती पुष्पा यादव उम्र 38 वर्ष पति अरुण यादव के कब्जे से एक सफेद प्लास्टिक बोरी के अंदर पारदर्शी पॉलिथीन में रखा हुआ लगभग 1 किलो 580 ग्राम अवैध गांजा कीमती लगभग 16 हजार रुपए को बरामद किया गया। इसी तरह कोतवाली पुलिस को ही सूचना मिली राताखार बाईपास क्षेत्र में कुछ व्यक्ति अवैध रूप से गांजा रखकर बिक्री कर रहे हैं। सूचना पर पुलिस टीम मौके पर पहुंचकर आरोपी कचनारीपारा निवासी रविशंकर राजपूत उम्र 25 साल पिता बदलेल सिंह राजपूत एवं एमपी नगर राताखार निवासी रवि वर्मा उम्र 32 वर्ष पिता दिलखेलाल वर्मा को हिरासत में लेकर तलाशी ली गई। तलाशी के दौरान दोनों आरोपियों के कब्जे से कुल 1057 ग्राम कीमती 10 हजार 54 रुपए को जब्त किया गया है। पुलिस ने दोनों ही मामलों में आरोपियों के कब्जे से कुल 2 किलो 63 ग्राम गांजा जब्त किया गया है। आरोपियों के खिलाफ 20 बी एनडीपीएस एक्ट कायम कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया है।

### सर्वमंगला घाट पर हसदेव आरती का हुआ आयोजन

**कोरबा।** वैशाख पूर्णिमा के पावन अवसर पर शुक्रवार को माँ सर्वमंगला मंदिर घाट में नमामि हसदेव सेवा समिति द्वारा आयोजित भव्य हसदेव आरती श्रद्धा, भक्ति और जनसहभागिता के साथ सम्पन्न हुई। शाम 6 बजे आयोजित इस विशेष कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालु सपरिवार शामिल हुए। घाट परिसर दीपों की अलौकिक रोशनी, वैदिक मंत्रोच्चार और सामूहिक आरती से भक्तिमय वातावरण में परिवर्तित हो गया। मुख्य यजमान के रूप में गायत्री शक्तिपीठ कोरबा के मुख्य प्रबंध ट्रस्टी कमलेश मिश्रा ने कार्यक्रम में सहभागिता निभाया।

### भवन में रखी वाशिंग मशीन में लगी आग दमकल की टीम ने आग पर पाया काबू



**कोरबा।** वार्ड क्रमांक 37 रामपुर के एक भवन में रखे वाशिंग मशीन में एकाएक आग लग गई। आग लगते ही आग विकराल रुप ले रही थी तभी पड़ोसियों ने भवन के सदस्यों को को फोन के माध्यम से सूचना दी। सूचना मिलते ही पदाधिकारी मौके पर पहुंचे और सीएसईबी के दमकल को इसकी सूचना दी। सूचना मिलते ही सीएसईबी के दमकल मौके पर पहुंची और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। स्थानीय लोगों का कहना है कि आग शॉर्ट सर्किट की वजह से हुई है। हालांकि घटना में किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई है।

हरिभूमि नं. 1 आवश्यक सूचना

प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें

टी.पी. नगर बी. ब्लॉक कामर्शियल कम्पलेक्स, कोरबा मो. 7049267780







नियम एवं शर्तें :- ❖ यह सुनहरा मौका, सुनिश्चित उपहार योजना 1 मई 2026 से 31 दिसम्बर 2026 की अवधि के लिए है। ❖ हरिभूमि के नये एवं पुराने पाठक इसमें भाग ले सकते हैं। ❖ महालक्की ड्रा. में भाग लेने वाले हर प्रतिभागी को एक सुनिश्चित उपहार जीतने का अवसर होगा। ❖ इस योजना अवधि में हरिभूमि समाचार पत्र में कुल 50 कूपन (35 सामान्य कूपन एवं 15 मास्टर कूपन) प्रकाशित किये जाएंगे। ❖ योजना में भाग लेने के लिये पाठकों को हरिभूमि में प्रकाशित फार्मेट पर उपरोक्त अवधि के दौरान समाचार पत्र में प्रकाशित 50 कूपनों में से कुल 30 कूपन (20 सामान्य एवं 10 मास्टर कूपन) चिपकाने होंगे। ❖ फोटोकॉपी या कटे-फटे कूपन व फार्मेट मान्य नहीं होंगे। ❖ राज्य सरकार एवं केन्द्र सरकार के सभी नियम लागू होंगे। ❖ सुनहरा मौका सुनिश्चित उपहार योजना के विजेता को आयकर के नियम व शर्तें मान्य होगी। ❖ हरिभूमि निर्णायक मंडल का निर्णय अंतिम एवं सर्वमान्य होगा। ❖ किसी प्रकार के विवाद में न्यायालय क्षेत्र रायपुर (छ.ग.) होगा। ❖ चित्र में दर्शाए गए उपहार वास्तविक उपहार से भिन्न हो सकते हैं। ❖ हरिभूमि कर्मचारी, एजेंट व उनके परिवार के सदस्य इस योजना के पात्र नहीं हो सकते।

आज ही हरिभूमि की प्रति बुकिंग करायें

हरिभूमि कार्यालय : गौरव पथ, रिंग रोड नं. - 2, बिलासपुर (छ.ग.)
फोन : 07752-401052, मो. 7000789166